प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

'' मुख्य समाचार''

- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूरे– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का किया उद्‌घाटन।
- प्रदेश भाजपा ने चारों संसदीय क्षेत्रों में किया वंदे मातरम का सामूहिक गायन–सांसद अनुराग ठाकुर ने वंदे मातरम को राष्ट्र भक्ति का प्रतीक बताया।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन बनाएगी सरकार।
- प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में हमीर संगम का आयोजन– विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िले के लोगों को किया गया सम्मानित।

प्रधानमंत्री–वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्‌घाटन किया। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट व सिक्का vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डाल सकते है और प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह भारत माता के प्रति भक्ति और श्रद्धा है जो हमें इतिहास की याद दिलाता है। वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चट्‌टोपाध्याय ने आज ही के दिन वर्ष 1875 में की थी।

राजभवन

शिमला स्थित राजभवन में भी वंदे मातरम् की एक सौ 50वीं वर्षगांठ के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की मौजूदगी में राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वंदे मातरम् का भावपूर्ण गायन किया। राज्यपाल ने कहा कि वंदे मातरम् भारत माता के प्रति प्रेम, श्रद्धा और अटूट भक्ति का एक अनंत गान है। उन्होंने कहा कि ये गीत प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रवाद की ज्योति प्रज्जवलित करता है।

भाजपा वंदे मातरम्

प्रदेश भाजपा ने आज राज्य के चारों संसदीय क्षेत्रों में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। शिमला में हुए कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी भाग लिया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत ही नहीं बल्कि भारत की आत्मा व राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

पत्रकारों से सवाल पर अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय पिछले तीन वर्षों के दौरान भरपूर आर्थिक मदद दी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा भी बहाल किया है।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की विकास योजनाओं में केंद्र की हिस्सेदारी को 90 फीसदी किया है जिसके लिए राज्य सरकार को केंद्र का आभार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन बनाया जाएगा। शिमला में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को शिमला में एंटी चिट्टा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा और इसके लिए बार कोड स्कैन के माध्यम

से पंजीकरण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वॉकथॉन में युवाओं और छात्रों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवम्बर से शुरू होने वाला अभियान अगले तीन महीने तक चलेगा और राज्य सरकार की चिट्टे खिलाफ ये निर्णायक लड़ाई होगी।

कंगना रणौत

सांसद कंगना रणौत ने आज रिकांगपिओ में दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस दिशा में प्रभावी ढंग से काम करने की जरूरत है।

कंगना रणौत ने रिकांगपिओ में ''सरदार पटेल यूनिटी मार्च पदयात्रा'' को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने लोगों को विकसित भारत प्रतिज्ञा भी दिलाई।

हमीर संगम

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में आज हमीर संगम का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हमीरपुर कल्याण संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर जिले के लोग कड़ी मेहनत के लिए जाने जाते हैं और कई सर्वोच्च पदों पर देश की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर कुल्लवी नाटी, गिद्दा, भांगड़ा, योगा प्रस्तुति और नाटक राम के शानदार मंचन ने सभी का मन मोह लिया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा पीढ़ी से सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया है। उन्होंने आज शिमला के सेंट बीड्स कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने कहा कि युवा महिलाएं आधुनिक भारत की पहचान का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनकी ऊर्जा व दूरदर्शिता देश के भविष्य को नया आकार देगी। राज्यपाल ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं–बरठीं सड़क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सड़क क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों को जोड़ती है और इस सड़क का फिर से संचालन होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। राजेश धर्माणी ने बताया कि बरसात के दौरान ये सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी।

सर्वोच्च–न्यायालय आवारा कुत्ते

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने व राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने आज देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण निमय, 2023 के तहत स्थानीय नगर निकायों से ऐसे जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीककरण व नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं। अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूरे– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का किया उद्घाटन।
- प्रदेश भाजपा ने चारों संसदीय क्षेत्रों में किया वंदे मातरम का सामूहिक गायन–सांसद अनुराग ठाकुर ने वंदे मातरम को राष्ट्र भक्ति का प्रतीक बताया।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ अभियान को जनआंदोलन बनाएगी सरकार।
- प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में हमीर संगम का आयोजन– विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िले के लोगों को किया गया सम्मानित।